an>

title: Need to take step to accommodate more students in Central School, Jhunjhunu.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करना चाहूंगी, क्योंकि आपने मुझे महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। ...(व्यवधान) मेरा संसदीय क्षेत्र शिक्षा की दृष्टि में काफी आगे है और मेरे यहां के बहुसंख्यक लोग सेना, अर्द्ध सैनिक बल और पुलिस में नौकरी करते हैं। ...(व्यवधान) उनके बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके, इसके लिए मैं आपसे निवेदन करना चाहती हूं कि केन्द्रीय विद्यालयों में सैक्शन्स बढ़ाये जायें या दो पारी में विद्यालय चलाये जायें, ताकि छात्रों की संख्या को देखते हुए शिक्षा का प्रसार किया जा सके। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती संतोष अहलावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Shri Ashwini Kumar Choubey – Not present.

Shrimati Riti Pathak – Not present.

...(*Interruptions*)